आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 05.05.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देहरादून में कृषि और ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। कहा– सरकार किसानों की खुशहाली और गांवों के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आईस रिंक का लोकार्पण किया।
- राज्यपाल गुरमीत सिंह ने बाबा केदारनाथ और भगवान बद्री विशाल के दर्शन कर सभी से चारों धामों के दर्शन करने की अपील की।
- मौसम विभाग ने 8 मई तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश, ओलावृष्टि व आंधी की चेतावनी जारी की है।

**केंद्रीय कृशि मंत्री**

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ प्रदेश में कृषि तथा ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार किसानों की समृद्धि, खुशहाली और गांवों के समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में बेहतर रूप से केंद्र की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन हो रहा है। बैठक में कृषि मंत्री गणेश जोशी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**आईस रिंक**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज देहरादून के रायपुर स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में भारत के एकमात्र आईस रिंक के जीर्णोद्धार कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या भी मौजूद रही।

**यूसीसी संवाद**

अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में आज समान नागरिक संहिता विषय पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए नैनीताल उच्च न्यायालय के मुख्य स्थायी

अधिवक्ता चन्द्रशेखर सिंह रावत ने कहा कि संविधान में समान नागरिक संहिता कानून का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू होने से महिलाओं को समान अधिकार मिलेंगे और भेदभाव खत्म होगा।

**भ्रामक खबर**

चारधाम यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से निपट रही है। पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर केदारनाथ धाम में भगदड़ की झूठी सूचना की रील प्रसारित की जा रही हैं, जो कि गलत और भ्रामक है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मंदिर परिसर में 15 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार की फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी/रील बनाना पूर्णतया प्रतिबंधित है। सोशल मीडिया पर फर्जी वीडियो शेयर करने वाले राजस्थान और पश्चिम बंगाल के दो व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस उपाधीक्षक विकास पुंडीर ने बताया कि केदारनाथ धाम में यात्रा सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से चल रही है। उन्होंने कहा कि भ्रामक वीडियो डाउनलोड कर ऐसे वीडियो को अपनी प्रोफाइल पर शेयर या फॉरवर्ड न करें, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**पवनदीप राजन**

लोकप्रिय गायक और पिथौरागढ़ निवासी पवनदीप राजन एक कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना में पवनदीप के पैर और हाथ में चोटें आई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री राजन के सड़क दुर्घटना में घायल होने पर दुख प्रकट किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने ईश्वर से उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

**राज्यपाल**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत) ने आज बाबा केदारनाथ और भगवान बद्री विशाल के दर्शन किए। उन्होंने बद्रीनाथ धाम में पूजा अर्चना कर देश और राज्य की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने सभी से भगवान बद्री विशाल के दर्शन करने की अपील की।

राज्यपाल ने बद्रीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान राज्यपाल ने बाघा बॉर्डर और गुजरात की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चल रहे विकास कार्यों की तर्ज पर माणा क्षेत्र के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए।

## बाल विवाह जागरूकता रैली

बागेश्वर में आज विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल कल्याण समिति, वन स्टॉप सेंटर ने स्कूली बच्चों के साथ नगर क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव जयेंद्र सिंह ने कहा कि बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को मिटाने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जागरूकता रैली में स्कूल की शिक्षिकाओं और छात्राओं ने मिलकर बाल विवाह जैसी कुप्रथा को मिटाने के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया।

## मौसम

राजधानी देहरादून समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में दोपहर बाद से तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी हुई है। पिछले तीन दिनों से राज्य के अनेक स्थानों पर रुकरुक कर हो रही बारिश से तापमान में गिरावट आने से लोगों ने भीषण गर्मी से राहत ली है।

इस बीच, मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते अगले दो दिन प्रदेश में बारिश, ओलावृष्टि और आंधी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून से मिली जानकारी के अनुसार आज और कल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की संभावना है। इस दौरान कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और आंधी की चेतावनी भी जारी की गई है।

मौसम विभाग के ताजा बुलेटिन के अनुसार सात और आठ मई को उत्तरकाशी जिले में भारी बारिश, ओलावृष्टि और भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़ और बागेश्वर में भारी बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए सभी जिला प्रशासन को जरूरी एहतियात बरतने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आम लोगों को मौसम खराब होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर ठहरने की सलाह दी गई है।

## स्वयं सहायता समूह

चारधाम यात्रा महिला समूहों की आर्थिकी का आधार बन रही है। इसके लिए सरकार यात्रा मार्ग पर स्टाल लगाने से लेकर महिला समूहों को हर तरह की सहायता दे रही है। स्थानीय उत्पादों को बेचकर महिलाएं वोकल फॉर लोकल के नारे को भी साकार कर रही हैं। इसी क्रम में केदारनाथ धाम की यात्रा रुद्रप्रयाग जिले के महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए आर्थिकी का जरिया बन रही है। जिला प्रशासन के मुताबिक यात्रा मार्ग पर करीब डेढ़ सौ समूह प्रसाद, जौ, तिल, कॉइन सोवेनियर, स्थानीय उत्पाद बेचने से लेकर होमस्टे और जलपान गृह चला रहे हैं। इससे सैकड़ों महिलाओं की आजीविका चल रही है।

इसके साथ ही भटवाड़ीसैंण स्थित उद्योग विभाग के ग्रोथ सेंटर में स्मृति चिन्ह के रूप में केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति तैयार की जाती है। जिसे श्रद्धालु केदारनाथ मंदिर से स्मृति चिन्ह के रूप में अपने साथ ले

जाते हैं। जिला उद्योग केंद्र रुद्रप्रयाग की ओर से संचालित इस ग्रोथ सेंटर का संचालन भी स्थानीय महिलाएं ही करती हैं। इस वर्ष अब तक पांच हजार प्रतिकृतियां तैयार की जा चुकी हैं और यह क्रम जारी है।